दिनांक : 10.04.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्ष में एनडीए ने विकसित भारत के लिए बुनियाद तैयार की है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले हमारी अर्थव्यवस्था कमजोर थी और केवल घोटालों से संबंधित खबरें ही सुनाई देती थीं। श्री मोदी ने धर्मपुरी में एनडीए के सहयोगी पट्टली मक्कल कच्ची की उम्मीदवार सौम्या अम्बुमणि और वेल्लोर से न्यू जस्टिस पार्टी के उम्मीदवार ए सी षणमुगम के समर्थन में रैली को संबोधित किया।

....

मतदाता जागरुकता

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए इन दिनों स्वीप अभियान के तहत गतिविधियां जारी है। नर्मदापुरम के ग्राम गुर्रा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पंचायत सचिव, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता सहित स्वसहायता समूह की सदस्यों ने पूरे ग्राम में रैली निकालकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान करने का आग्रह किया गया। बांद्राभान स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में शिक्षिकाओं की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नीमच जिले में गायत्री स्वसहायता समूह द्वारा बनाई गई मतदाता जागरूकता पर आधारित आकर्षक रंगोली बनाई गई साथ ही जिला कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता के विजेता स्व सहायता समूह को पुरस्कृत भी किया ।

....

<u>चुनाव प्रचार</u>

प्रदेश में पहले और दूसरे चरण के लिए होने वाले चुनाव के पहले प्रचार तेज होने लगा है। आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव छिंदवाड़ा के दमुआ, जुन्नारदेव, परासिया और अहिरवाड़ा में चुनाव प्रचार कर रह हैं। दोपहर बाद उनकी नरसिंहपुर जिले की गोटेगांव विधानसभा के मुंगवानी में प्रचार रैली होगी। आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी प्रदेश में प्रचार के लिए उतर रहे हैं। वे आज मंडला और डिंडौरी जिले के प्रवास पर रहेंगे। मंडला जिले के सलवाह में जनसभा करेंगे और डिंडोरी के बमानी, गोपालपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे_वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी आज अनूपपुर, कटनी एवं जबलपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील करेंगे।

....

<u>मौसम</u>

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज भी भोपाल में आंधी–बारिश का अनुमान है। कुछ इलाकों में ओले भी गिर सकते हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दोपहर बाद राजधानी का मौसम बदलेगा । कल बारिश होने से भोपाल में गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज भोपाल, जबलपुर, उज्जैन समेत 27 जिलों में बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चलने के साथ कहीं–कहीं ओले भी गिर सकते हैं। कल भी कई जिलों में बारिश हुई और कई जगह ओले भी गिरे। मौसम विभाग के अनुसार अलग–अलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के असर से बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से नमी आने की इस वजह से प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्र के अधिकतर जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश हो रही है। विभाग ने आगामी 15 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम बना रहने की संभावना जताई है।

....

भोजशाला

धार के भोजशाला स्मारक में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा वैज्ञानिक पद्धति से किए जा रहे सर्वे का आज 20वां दिन है। टीम के 16 लोगों ने 29 मजदूरों के साथ सुबह परिसर में प्रवेश किया। दोनों पक्षकारों की मौजूदगी में टीम ने काम भी शुरू कर दिया है। कल भोजशाला की दीवार से सटा गोमुख टीम को सर्वे के दौरान मिला है, जो पहले से वहां पर मौजूद है। अब इस ओर आगे का काम किया जाएगा। एएसआई की टीम ने प्राथमिक तौर पर सर्वे करते हुए परिसर में कई स्थानों को चिह्नित कर लिया है। अब इस पर काम होगा।

....

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- आज बोहरा समाज द्वारा ईद मनाई जा रही है। नीमच ज़िले में विशेष नमाज़ के बाद एक दूसरे को ईद की बधाइयां दी गई। चैतीचांद महोत्सव के अंतर्गत सिंधी समाज द्वारा विशाल वाहन रैली का आयोजन भी किया गया।
- निवाड़ी जिला कलेक्टर द्वारा निर्वाचन नवाचार में वृद्धाआश्रम ओरछा के वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया और साथ ही उन्हें निष्पक्ष होकर मतदान करने का आग्रह किया ।

- गुना शहर के भाजपा कार्यालय के बाहर खड़े तीन भाजपा नेताओं को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। जिसमें दो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरे की हालत गंभीर है।

....